अपराध

बरा पानी हार में धड़, महेशपुरी में मिली मुंडी, कुंडम में खौफनाक वारदात, छानबीन में जुटी पुलिस

# जादू टोना के शक में युवक का अपहरण, गला काटकर फेंकी लाश

**नवभारत, जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत बिसनपुर में जादू टोना के शक में भूरालाल यादव (45) का अपहरण करने के बाद आरोपियों ने उसका गला काटकर लाश को बरा पानी हार में फेंक दिया गया। बरा पानी हार में मृतक का धड़ तो महेशपुरी में उसकी मुंडी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी। खौफनाक हत्या को अंजाम देने वाले आरोपित फरार हो गए। जिनकी तलाश के लिए टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी दोनों को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि जादू टोना के शक में चार मार्च को आरोपियों ने कुल्हाडी, डंडे से अपहरण कर मृतक को अपने साथ ले गए थे। परिजन और पुलिस उसकी तलाश में थे। इस बीच शुक्रवार को शव बरामद किया गया ।



### बीच बचाव करने पहुंचे भाई-भतीजे पर भी किया वार

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को नन्हेंलाल यादव 50 वर्ष निवासी ग्राम बिसनपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चार मार्च की शाम लगभग 4 बजे पालतू गाय एवं अन्य जानवारों को जंगल से चराकर घर वापस आ रहा था जैसे ही अपने भाई भूरालाल यादव के घर के पास पहुंचा तो देखा कि उसके भाई भूरा यादव को जादू टोना करने के शक पर मधुशाह और पिट्टी यादव विवाद कर लाठी डंडे, कुल्हाड़ी से हमला कर रहे थे, वह एवं उसका बेटा सुरेश यादव आकर बीच बचाव किये तो दोनों लाठी डंडे से उसके एवं सुरेश पर भी हमला किया । जिससे उसे सिर, चेहरे में चोटें आ गई। बेटा सुरेश भी घायल हो गया । इसके बाद दोनों उसके भाई भूरा यादव पर ताबड़तोड़ हमला कर दिए। इसके बाद दोनों भूरा यादव को साथ लेकर चले गये वह डर के कारण अपने बेटे के साथ घर चला गया था। गुरूवार सुबह लगभग 8 बजे अपने भाई भूरा यादव के घर जाकर देखा तो भैसें एवं बकरी सार में बंधी हुयीं थी लेकिन भूरा यादव नहीं मिला भाई भूरा यादव को मधुशाह एवं पिट्टी यादव मारपीट कर कहीं लेकर चले गए थे।

### रिश्ते का मामा है मृतक

मृतक का मुख्य आरोपी पिट्टी रिश्ते का मामा है। जिसने अपने साथी मधुशाह के साथ मिलकर सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया। इसके बाद दोनों ने लाश को ठिकाने लगाया और दोनों अपने घर पहुंच गए थे इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया ।

### आए दिन होता था विवाद

सनसनीखेज हत्याकांड के बाद पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति आकांक्षा उपाध्याय के मार्गनिर्देशन में कुण्डम थाना प्रभारी सतीष कुमार अंधवानी के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । पूछताछ में यह बात सामने आई कि पिट्टी यादव उर्फ संतकुमार यादव का मृतक के साथ आए दिन विवाद होता था। पिट्टी मृतक पर जादू टोना का भी शक करता था ।

### बिना सिर मिली लाश, सर्चिंग के बाद मुंडी

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। इस दौरान शुक्रवार दोपहर में बरा पानी हार में एक शव पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची। नन्हेलाल यादव ने बताया कि दोपहर 1 बजे बरापानी हार तीन गॉव, बिसनपुरा, बिलगॉव एवं महेशपुर हार के पास उसके छोटे भाई भूरे लाल यादव का शव महेशपुरा में बिना सिर के कटा मिला। शव को बरामद करने के बाद पुलिस ने सर्चिंग शुरू की । लाश करने पर सिर बडी लाईन टावर के पास महेशपुरी हार में मिला। पिट्टी यादव एवं मधुशाह द्वारा कुल्हाडी से हमला कर उसके भाई भूरा यादव की गला काटकर हत्या की है।


## स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं का ब्यौरा तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में संचालित सरकारी स्कूलों की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से इन्फ्रास्ट्रक्चर और उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण पेश करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में केवल राज्य सरकार ही नहीं, बल्कि स्थानीय निकायों द्वारा संचालित स्कूलों की स्थिति का भी पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले में प्रदेश के मुख्य सचिव और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की है।दरअसल, जबलपुर के करौंदी स्थित कैंट स्कूल की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित एक समाचार के आधार पर हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल 2025 को स्वत: संज्ञान लिया था। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि संबंधित स्कूल राज्य सरकार के बजाय स्थानीय निकाय द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# आज से हटाए जाएंगे मदनमहल पहाड़ी से अतिक्रमण

पिछले कई दिनों से कराई जा रही मुनादी

**नवभारत,जबलपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के हाल ही में दिये गये निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आज से मदन महल की पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के मुताबिक मदन



महल पहाड़ी से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत पुरवा में आईसीएमआर के सामने वाले हिस्से से होगी। इस संबंध में पिछले कई दिनों से लगातार मुनादी कर कराई जा रही है। अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी।

### 24 फरवरी को सुनवाई कर दिए थे निर्देश

ज्ञात हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने मदनमहल पहाड़ी के अतिक्रमणों हटाने की कार्यवाही के विरोध में शांति बाई शर्मा एवं अन्य द्वारा दायर की गई याचिका पर 24 फरवरी को सुनवाई करते हुये राज्य शासन को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश का शीघ्र अनुपालन करने के निर्देश दिये हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने की गई कार्यवाही का मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के साथ ही का समय-समय पर पालन प्रतिवेदन सर्वोच्च न्यायालय में भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

# महाविद्यालय में कैशियर ने किया आठ लाख का गबन

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत करमेता स्थित राधाकृष्णन ऑफ एजुकेशन में कैशियर ने आठ लाख रूपए का गबन किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक चौबे 46 वर्ष निवासी शांतिनगर गोहलपुर ने लिखित शिकायत की कि वह प्रियंका शर्मा डॉ. राधाकृष्णन ऑफ एजुकेशन करमेता में कैशियर के पद पर कार्यरत थीं लेखा परीक्षण की प्रारंभिक जांच में पाया गया कि प्रियंका शर्मा द्वारा लगभग 8 लाख रूपये की राशि का हेर फेर किया गया है सत्र 2023-2024 में कैश बुक में रसीदों को आन लाईन दिखाकर लगभग 2 लाख 14 हजार 900 की राशि का गबन किया गया हैं माह नवम्बर में महाविद्यालय के नेक का कार्य चल रहा था जिसमें महाविद्यालय के खर्च के लिए 1 लाख नगद लिये गये थे। 1 नवम्बर से 17 जनवरी तक का कैश लेकर लापता हो गयीं एवं कई छात्रों को रसीद न जारी करके हस्ताक्षरित पर्ची दी गई जिसकी राशि लगभग 3 लाख रूपये है, उपरोक्त राशि प्रियंका शर्मा द्वारा महाविद्यालय के बैंक खाता में जमा किया जाना था लेकिन प्रियंका शर्मा द्वारा महाविद्यालय की फीस की राशि स्वंय के पास रखकर अमानत में खयानत की गई, प्रियंका शर्मा को पूर्व में उक्त संबंध में सूचित करने पर प्रियंका शर्मा द्वारा आश्वासन दिया गया था कि उपरोक्त राशि 15 फरवरी से 28 फरवरी तक जमा कर देंगी एवं प्रियंका शर्मा द्वारा ब्लेंक चैक भी महाविद्यायल में जमा किया गया है जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गोविन्दपुरा भोपाल का है। प्रियंका शर्मा लगातार महाविद्यायल में अनुपस्थित हैं। कॉल या मैसेज का जबाव भी नहीं दे रहीं हैं।

### फीस को रजिस्टर में ऑनलाइन दिखा की हेराफेरी

मामले में अभिषेक चौबे एवं प्रियंका शर्मा एवं छात्रों के बयान लिए गए । अभिषेक चौबे द्वारा प्रस्तुत आडिट रिपोर्ट से प्रियंका शर्मा द्वारा छात्रों से कैश में ली गई फीस को रजिस्टर में ऑन लाईन दिखाकर 2 लाख 44 हजार रूपये फीस जो रजिस्टर में दर्ज है किन्तु महाविद्यालय के बैंक खाते में जमा नहीं की गई है उक्त रकम 3 लाख 61 हजार रूपये छात्रों से ली गई फीस रजिस्टर व केश बुक में इंद्राज नहीं की गई उक्त रकम 2 लाख 10 हजार 200 रूपये कुल रकम 8 लाख 16 हजार 100 रूपये महाविद्यालय संस्था की फीस की रकम हड़प ली । आरोपिया प्रियंका शर्मा 42 वर्ष निवासी कचनार सिटी विजयनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

## चुभने लगे सूर्यदेव, बढ़ी तपिश, चले कूलर, पंखे

नवभारत, जबलपुर । मौसम का मिजाज बदल गया है। पारे में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। दिन के साथ अब रात में भी गर्मी का एहसास होने लगा है। शुक्रवार को सुबह से सूर्यदेव तमतमाये रहे। मार्च में अप्रैल जैसी गर्मी का एहसास हुआ । तपिश बढ़ने चलते पसीना भी छूटा। गर्मी से बचने लोगों ने कूलर, पंखे भी चलाये। अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा । सुबह के वक्त आर्द्रता 45 और शाम को 28 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम हवाएं 4 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली । मौसम विभाग की माने तो एक ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण अब उत्तर-पश्चिम ओडिशा और निकटवर्ती क्षेत्रों के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर सक्रिय है।

# बाइकों में भिड़ंत, पत्नी की मौत, पति समेत 4 घायल

हाइवे पर शव रखकर चक्काजाम, लगी वाहनों की कतार



**नवभारत, जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत जबलपुर भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 45 पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति घायल हो गया। इसके अलावा दूसरी बाइक में सवार तीन युवक भी घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइव पर चक्काजाम कर दिया। कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए और कार्रवाई का अश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। चक्काजाम के चलते वाहनों की लंबी कतारें लगी थी। काफी देर रात एनएच में ट्रैफिक बाधित रहा। जानकारी के मुताबिक उमरिया सुरई गांव निवासी गणेश सेन 48 वर्ष अपनी पत्नी विनीता सेन 42 वर्ष को मोटर सायकिल से लेकर शहपुरा की ओर जा रहे थे तभी पीछे से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर के साथ ही विनीता सड़क पर गिरी। उसके सिर में गंभीर चोटें आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गणेश को भी चोटें आ गई । टक्कर मारने वाली दूसरी बाइक में सवार तीन युवक भी घायल हो गए । हादसे के बाद आक्रोशितजनों ने शव को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया उनका कहना रहा कि आए दिन हादसे हो रहे है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है उन्होंने कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। प्रदर्शन के चलते दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। सूचना पर शहपुरा पुलिस और आला अधिकारी पहुंच गए और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। प्रदर्शनकारी जैसे-तैसे माने और फिर वहां से हटे। जिसके बाद शव पीएम के लिए भेजा गया। चक्काजाम से वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

# बेचने के लिए छिपाकर रखी 5 डम्पर रेत प्रशासन ने कराई जमींदोज

ललपुर में अवैध रेत के खिलाफ राजस्व, खनिज और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



**नवभारत,जबलपुर।** जिले के गोरखपुर अनुभाग अंतर्गत ग्राम ललपुर में प्रशासन ने अवैध रेत उत्खनन और भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 डम्पर रेत को जमींदोज कर दिया। यह कार्रवाई राजस्व, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। मौके पर पहुंची टीम को भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित रेत मिली। प्रशासनिक आकलन के अनुसार यह भंडार लगभग 5 डम्पर रेत का था, जिसे अवैध विक्रय के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया था। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने जब्त की गई पूरी रेत को मौके पर ही मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया, ताकि इसका दोबारा व्यावसायिक उपयोग न किया जा सके।

### लंबे समय से मिल रही थी शिकायतें

प्रशासन को स्थानीय निवासियों से लंबे समय से अवैध रेत भंडारण की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गोरखपुर के अनुविभागीय अधिकारी अनुराग सिंह के निर्देशन में टीम ने शुक्रवार को ग्राम ललपुर में छापामार कार्रवाई की।

# टीटीई ने यात्री को जड़ा थप्पड़, वीडियो हुआ वायरल

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर से अजमेर जाने वाली गाड़ी संख्या 12181 दयोदय एक्सप्रेस में गुरुवार 5 मार्च को एक हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। कोटा मंडल के एक टीटीई द्वारा बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। यह घटना ट्रेन के जयपुर पहुँचने से कुछ समय पहले की बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों और यात्रियों के अनुसार, घटना ट्रेन के जनरल कोच की है। टीटीई ने चेकिंग के दौरान दो यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा था। नियम के अनुसार टीटीई उनसे जुर्माना भरने को कह रहे थे, लेकिन यात्री जुर्माने के बजाय टीटीई को 200 रुपए देकर मामला रफा-दफा करने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच कहासुनी बढ़ गई और आवेश में आकर टीटीई ने एक यात्री को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया।

### दुर्व्यवहार की शिकायत

मौके पर मौजूद अन्य यात्रियों ने इस पूरी घटना का मोबाइल से वीडियो बना लिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि यात्री टीटीई को 200 रुपए थमा रहे हैं और तभी टीटीई उन्हें थप्पड़ मार देते हैं। यात्रियों ने इस दुर्व्यवहार की तुरंत शिकायत कोटा मंडल के उच्चाधिकारियों से की है।




# बरगी बांध के जीरो टंकी पिचिंग एरिया में डूबे युवक का शव मिला

होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ नहाने गया था मृतक

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी बांध के जीरो टंकी पिचिंग एरिया में बुधवार को होली के उल्लास के बीच अपने दोस्तों के साथ नहाने गया 24 वर्षीय युवक शैलेष नेमा गहरे पानी में डूब गया था जिसका शव शुक्रवार सुबह बरामद कर लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरगी नगर निवासी रोशन कोईराला (23) जानसन स्कूल में शिक्षक है। बुधवार को वह अपने



दोस्त सागर साहू और शैलेष नेमा के साथ होली खेलने के बाद नहाने के लिए बरगी बांध के जीरो टंकी पिचिंग एरिया गया था। रोशन और सागर को तैरना नहीं आता था, इसलिए वे किनारे पर ही नहा रहे थे, जबकि शैलेष नहाते-नहाते गहराई की ओर चला गया था अचानक शैलेष डूबने लगा और उसने बचाओ-बचाओ की आवाज लगाई थी। चीख सुनकर पास ही नहा रहा एक अन्य युवक उसे बचाने के लिए पानी के भीतर भी गया था, लेकिन वह शैलेष को बाहर निकालने में असफल रहा। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। काफी मशक्कत के बाद भी युवक का पता नहीं चल पाया था। परिजनों ने सुरक्षा इंतजाम न होने का भी आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। पुलिस ने गुमइंसान कायम कर मामले को जांच में लिया है और गुरूवार को गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कराई थी लेकिन देर शाम तक पता नहीं चला जिसके चलते रेस्क्यू बंद कर दिया गया था । शुक्रवार को पुन: सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन चला जिसके बाद शव को बरामद कर लिया गया है। जिसे पीएम के लिए भेजा गया । वहीं हादसे से परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है।

## किसान अब 10 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन

**नवभारत, जबलपुर।** राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को देखते हुये रवि विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि बढ़ा दी है। किसान अब 10 मार्च तक समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके पूर्व शासन द्वारा गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई थी। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जबलपुर जिले के पंजीयन से शेष रह गये किसानों से बढ़ी हुई अवधि के भीतर गेहूं के विक्रय के लिये अपना पंजीयन करा लेने का आग्रह किया है।










परीक्षा

जिले के 100 केंद्रों में हुआ पेपर, नहीं बना नकल प्रकरण

# हिंदी के पेपर के साथ दसवीं की बोर्ड परीक्षा समाप्त



**नवभारत, जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हो रही दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शुक्रवार को हिंदी के पेपर के साथ समाप्त हो गई हैं। दसवीं कक्षा का आखिरी पेपर हिंदी विषय का था। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार यह परीक्षा भी जिले में शहर के 47 और ग्रामीण क्षेत्र के 53 केंद्रों में मिलाकर कुल 100 केंद्रों में आयोजित हुई, जिसमें कुल 23560 परीक्षार्थी शामिल होने वाले थे। लेकिन 23101 विद्यार्थियों ने ही यह परीक्षा दी है,जबकि 459 विद्यार्थी इस परीक्षा में अनुपस्थित थे। आखिरी पेपर में भी कोई नकल पड़ा सामने नहीं आया है।

### उड़न दस्ता की टीम ने किया निरीक्षण

बोर्ड परीक्षा में नकल पकड़ने के लिए जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक टीम का गठन किया गया था। जो सभी परीक्षा केंद्र में पहुंचकर आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर रहे हैं और नियमित तौर से चल रहीं परीक्षाओं पर भी नजर रख रहे हैं। इसके अलावा नकल करने वालों के ऊपर भी इनकी पैनी नजर रहती है। शुक्रवार को भी हिंदी के पेपर में उड़न दस्ता की टीम ने विभिन्न केंद्र में जाकर निरीक्षण किया।

### 271 विद्यार्थियों ने दिया उर्दू-मराठी का पेपर

शुक्रवार को बारहवीं कक्षा में 271 विद्यार्थियों ने उर्दू- मराठी विषय का पेपर दिया। सहायक संचालक आर के बधान ने बताया कि बारहवीं कक्षा में उर्दू- मराठी विषय लेने वाले विद्यार्थियों का पेपर था, जिसमें 273 विद्यार्थी शामिल होने वाले थे, लेकिन 271 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 2 विद्यार्थी परीक्षा से अनुपस्थित थे। यह पेपर कुल 8 केंद्रों पर आयोजित हुआ। जिसमें कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना। आज बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में भी अंतिम पेपर हिंदी विषय का है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57